# शिवराज कैबिनेट के 12 मंत्री चुनाव हारे

1 - दतिया से डॉ. नरोत्तम मिश्रा
2 - हरदा से कमल पटेल
3 - बमोरी से महेंद्र सिंह सिसौदिया
4 - बड़वानी से प्रेम सिंह पटेल
5 - अटेर से अरविंद सिंह भदौरिया
6 - बदनावर से राजवर्धन सिंह दत्तीगांव
7 - बालाघाट से गौरीशंकर बिसेन
8 - ग्वालियर ग्रामीण से भारत सिंह कुशवाह
9 - अमरपाटन से रामखेलावन पटेल
10 - पारसवाड़ा से राम किशारे नानो कांवरे
11 - पोहरी से सुरेश धाकड़
12 - खरगापुर से राहुल सिंह लोधी


सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 146 | इंदौर, सोमवार 04 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## दिग्गी स्वार्थ ! नाथ अहंकार !! अन्ततः कांग्रेस डूब गई !!!

# स्वागत ! नई सरकार का..

## अभिनंदन !! आभार !!!

जन प्रतिनिधियों का...


जनता की दीर्घ सोच का...






मध्य प्रदेश सहित तीन राज्यों में... कांग्रेस का सुपड़ा साफ हुआ...वहीं मोदी मैजिक चला... वहीं वसुंधरा शिवराज और रमन सिंह के चेहरों के साथ...बड़े-बड़े चेहरों ने मैदान पकडा... और फतेह की परिभाषा को अंजाम दिया... जहां गहलोत का अकड़पन भारी पड़ा... उधर भूपेश का रवैया भी मतदाताओं ने नकारा...तो इधर दिग्गी नाथ ने...कांग्रेस को अनाथ करने का श्रेय निरूपित किया गया... मतदाताओं ने न केवल कांग्रेस को...कल्पना से परे हार का आईना दिखाया... वही कल्पना से परे भाजपा को... जीत का सहरा पहनाया है...। इधर मध्य प्रदेश में मोदी शाह के बाद... सबसे बड़ा फैक्टर शिवराज का ही नजर आया... हालांकि शिवराज सिंह चौहान चेहरा नहीं थे...परंतु उन्होंने भी एक अग्नि परीक्षा की तरह...मन कर्म से भाजपा के लिए काम किया... हरदम मैदान पकडने की फितरत में...शिवराज को हीरो बना दिया है... अब अगर ऊपर वाले उनकी तोप को...तमंचे में बदलना चाहेंगे... तो शिवराज का दुर्भाग्य होगा... अन्यथा तो पहला हक कुर्सी पर... और ताज पर शिवराज का ही है...।

## 3-1 का Score..
## 2024 में मोदी Sure !




## महेंद्र हार्डिया ने रचा इतिहास



एक ही सीट पर लगातार जीत दर्ज कर महेंद्र हार्डिया ने इंदौर की राजनीति में रचा इतिहास। इससे पहले कोई भी इंदौर की राजनीति में लगातार एक ही विधानसभा से पांच बार चुनाव नहीं जीता।

### 20 साल बाद इंदौर में बीजेपी का क्लिन स्विप ...

# 1993 में भी किया था ऐसा कमाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विधानसभा चुनाव में इंदौर में भाजपा ने सभी 9 सीटें जीत ली हैं। भाजपा ने 9-0 स्कोर के साथ जिले में क्लिन स्विप किया है। 1993 में भी पार्टी ने सभी सीटें जीती थीं।**



इंदौर-5 में लगातार उलटफेर के बाद महेंद्र हार्डिया 15404 वोटों से चुनाव जीत गए। यहां पहले राउंड से आगे चल रहे भाजपा के महेंद्र हार्डिया 8वें राउंड में कांग्रेस के सत्यनारायण पटेल से 2871 वोटों से पिछड़ गए थे। यहां हार्डिया को 143449 वोट मिले हैं। जबकि पटेल को 128045 वोट मिले हैं। जीत पर महेंद्र हार्डिया ने कहा हमने विधानसभा में जो विकास कार्य किया है यह उसका परिणाम है।

इंदौर-1 हॉट सीट से भाजपा के कैलाश विजयवर्गीय 57719 हजार वोटों से जीत गए हैं। उन्हें 156960 वोट मिले हैं। उनके सामने कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला थे उन्हें 99 हजार 241 वोट मिले हैं। पार्टी की जीत पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय का बयान आया है। उन्होंने जीत का श्रेय लाड़ली बहना को दिए जाने के सवाल पर कहा कि ये योजना राजस्थान में थी क्या, छत्तीसगढ़ में थी क्या। फिर भी वहां भाजपा जीती है। सभी जगह मोदी मैजिक है।

सांवेर से मंत्री तुलसी सिलावट भी 62 हजार से ज्यादा वोटों से जीत गए हैं। उन्होंने कांग्रेस की रीना बौरासी को हराया। बौरासी को 76422 वोट ही मिले थे। तुलसी सिलावट ने कहा भाजपा की ओर से प्रदेश की जनता का आभार। अब कुछ बोलने के लिए नहीं बचा जनता ने सब बोल दिया है।

महू से मंत्री उषा ठाकुर 34075 वोटों से जीत गई। उन्हें 102130 वोट मिले। कांग्रेस के बागी और निर्दलीय प्रत्याशी अंतरसिंह दरबार 68055 वोटों के साथ दूसरे नंबर पर रहे। कांग्रेस के रामकिशोर शुक्ला को 28660 वोट ही मिले। वे तीसरे नंबर पर रहे। मंत्री उषा ठाकुर ने कहा विधानसभा में निजी स्वार्थों के कारण कृत्रिम वातावरण खड़ा किया जा रहा था। जिसका जवाब मतदाताओं ने दे दिया है।

इंदौर-2 से रमेश मेंदोला ने 2018 में जीत का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जीत का अंतर 103481 वोट रहा। पिछले चुनाव में मेंदोला 71011 वोटों से जीते थे। मेंदोला ने जीत के पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वे 1 लाख 6 हजार 563 वोटों से चुनाव जीते हैं। ये प्रदेश की सबसे बड़ी जीत है। दूसरे नंबर पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान रहे।

इंदौर-3 से भाजपा के गोलू राकेश शुक्ला 14667 वोटों से जीत गए। कुल 73291 वोट मिले जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के दीपक जोशी पिंटू को 58624 वोट मिले हैं। 1908 वोट नोटा में गए। गोलू शुक्ला ने कहा बाबा महाकाल स्वयं यहां चुनाव लड़ रहे थे। उन्होंने ही टिकट दिलाया था और उन्हीं की जीत है।

इंदौर-4 में मालिनी गौड़ 69837 वोटों से चुनाव जीत गई हैं। 118870 वोट मिले हैं। निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के राजा मंधवानी को 49033 वोट मिले। मालिनी गौड़ ने कहा यह जीत राष्ट्रवाद और सनातन धर्म की जीत है। हम जनता के साथ 24 घंटे खड़े रहते हैं यह उसकी जीत है।

देपालपुर से भाजपा के मनोज पटेल 13892 वोटों से जीत गए। उन्हें 94989 वोट मिले हैं, उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के विधायक विशाल पटेल को 81097 वोट मिले। यहां निर्दलीय राजेंद्र चौधरी को भी 37741 वोट मिले। बगावत के बावजूद भाजपा ने सीट कांग्रेस से छीनी है।

राऊ से भाजपा के मधु वर्मा 35489 वोटों से जीत गए। उन्हें 150107 वोट मिले। निकटतम प्रतिद्वंद्वी और पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को 1 लाख 14 हजार 618 वोट ही मिले। मधु वर्मा ने कहा मैं पिछला चुनाव हार गया था। लेकिन मैंने हार नहीं मानी और कार्यकतार्ओं के बीच रहा। संगठन जब मजबूत होता है तो ऐसे ही परिणाम आते हैं।

### विजयवर्गीय का बयान- भाजपा राजस्थान और छग में लाड़ली बहना योजना के बगैर जीती



भाजपा पीएम मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के जबरदस्त नेतृत्व के कारण जीती है। इंडिया गठबंध में जाएगा कौन-कौन? पता नहीं कौन सा नया गठबंधन बन जाए। कांग्रेस के नेता हेलिकॉप्टर में घूमते हैं, एसी कमरों में रहते हैं, उन्हें जमीनी हकीकत पता नहीं है। मैंने इंदौर में 9 और प्रदेश में 160 सीटें जीतने का दावा किया था। लाड़ली बहना पर कहा कि ये योजना राजस्थान में थी क्या, छत्तीसगढ़ में थी क्या। फिर भी वहां भाजपा जीती है।

### शुक्ला बोले- जीत से हार की चर्चा

पहले राउंड से पिछड़े इंदौर-1 से कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला ने कहा कि यहां जीत से ज्यादा हार की चर्चा हो रही है। हम कार्यकतार्ओं के साथ बैठकर इस हार का आकलन करेंगे। दूसरी ओर संजय शुक्ला के सामने भाजपा के चिंटू वर्मा ने नारेबाजी की।

### विजयवर्गीय का ट्वीट इस देश में मोदी ही गारंटी

भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने दोपहर 12 बजे लगातार दो ट्वीट किए। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए लिखा कि 'अब एश्ट और चुनाव आयोग कांग्रेस के निशाने पर होगा।' इससे पहले उन्होंने ट्वीट किया कि इस देश में इस देश में एक ही गारंटी है मोदी गारंटी मोदीजी जिंदाबाद देश की जनता जनार्दन जिंदाबाद।

# खजराना गणेश मंदिर परिसर में नवनिर्मित प्रवचन

### हाल में पहली भागवत कथा 9 से 15 दिसंबर तक

**इंदौर। खजराना गणेश मंदिर पर नव निर्मित प्रवचन हॉल पर श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का पहला आयोजन 9 से 15 दिसम्बर तक गोयल मारमार्थिक ट्रस्ट के प्रमुख प्रेमचंद गोयल की प्रेरणा से वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज की सुशिष्या साध्वी कृष्णानंद के श्रीमुख से प्रतिदिन सायं 4.30 से 7 बजे तक होगी। आज इस दिव्य आयोजन का पहला निमंत्रण वैदिक मंगलाचरण के बीच खजराना गणेश को समर्पित किया गया।**

कार्यक्रम संयोजक किशोर गोयल, श्याम अग्रवाल मोमबत्ती, अरविंद बागड़ी एवं मंदिर के



पुजारी पं. अशोक भट्ट ने बताया कि नव निर्मित प्रवचन हॉल में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का यह पहला आयोजन होने जा रहा है। समाजसेवी प्रेमचंद गोयल की प्रेरणा से साध्वी कृष्णानंद (वृंदावन) के श्रीमुख से यहां प्रतिदिन भागवत कथामृत की वर्षा होगी। आज इस अनुष्ठान का पहला न्यौता खजराना गणेश को समर्पित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, बालकिशन छावछरिया, कुलभूषण मित्तल कुक्की, महेश चायवाले, गोपाल नेमानी, पं. मोहन भट्ट, पं. अशोक भट्ट सहित समिति के सभी प्रमुख पदाधिकारी एवं खजराना गणेश मंदिर प्रबंध समिति की ओर से प्रबंधक घनश्याम शुक्ला एवं सहायक प्रबंधक गौरीशंकर मिश्रा भी उपस्थित थे। आयोजन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। कथा का शुभारंभ मंदिर परिसर में शोभायात्रा के साथ होगा।

### सभरवाल उद्योग रत्न से सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर।** ट्रेनिंग उपकरणों के उत्पादन में महती भूमिका निभाते हैं और उद्यमिता विकास के क्षेत्र में आपका योगदान महत्वपूर्ण निभाने वाले इंदौर के उद्योगपति रोहित सभरवाल को मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में 'उद्योग रत्न' सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय एम.एस.एम.ई मंत्री नारायण राणे आमंत्रित रहे। श्री सभरवाल ने इस क्षेत्र में कठिन परिश्रम और निरंतर प्रयासों से महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। सम्मानित करने का उद्देश्य उनके उत्कृष्ट योगदान को पहचानना है।

### कटाक्ष




# जल्द ही भारत वामपंथी उग्रवाद से मुक्त हो जाएगा-अमित शाह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हजारीबाग।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने झारखंड के हजारीबाग में सीमा सुरक्षा बल के 59वें स्थापना दिवस परेड समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर शाह ने स्पष्ट किया कि, अब जल्द ही भारत वामपंथी उग्रवाद से पूर्णतः मुक्त हो जाएगा। पूरा देश जानता है कि दशकों से भारत के विकास में वामपंथी उग्रवाद एक बाधा बन कर खड़ा रहा है, लेकिन आजाद भारत के किसी भी सरकार ने इस समस्या का समाधान नहीं निकाला। आपने कहा कि, वामपंथी उग्रवाद का दंश झेल रहा क्षेत्र और भी पिछड़ता



चला गया। साल 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वामपंथी उग्रवाद से निपटने की दिशा में जोर-शोर से प्रयास किया जाने लगा। साल 2019 में जब अमित शाह ने केंद्रीय गृह मंत्री का पदभार संभाला, उसके बाद शाह के मार्गदर्शन में वामपंथी उग्रवाद पर नकेल कसने में रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल हुई है। मोदी जी की दूरदर्शिता और शाह की सटीक रणनीतियों से साल 2022 और 2023 में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ बड़ी सफलताएँ प्राप्त हुई हैं। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के नए शिविर की स्थापना और उनकी तैनाती शाह की योजनाओं की प्राथमिकता है। 199 नए कैंपों की स्थापना और गश्त बढ़ने से वामपंथी उग्रवादियों के सभी प्रकार के संसाधनों में कमी आई है। पिछले 9 सालों में मोदी सरकार के प्रयासों की वजह से हिंसा की घटनाओं में 52 फीसदी की कमी और मृत्यु की घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी आई है। अब वह दिन दूर नहीं जब पूरा देश वामपंथी उग्रवाद से मुक्त हो जाएगा।

# हम लोकसभा चुनाव भी 400 सीटों से जीतेंगे : विजयवर्गीय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मप्र, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिले प्रचंड बहुमत को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने लाडली बहना योजना के गेम चेंजर होने के सवाल पर कहा कि कुछ लोग दरबारी पत्रकार जैसे सवाल पूछते हैं। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में तो लाडली बहना नहीं हैं, लेकिन हमें वहां भी जीत मिली है। तीन राज्यों में जीत का श्रेय उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को दिया है। विजयवर्गीय के इस तल्ख बयान के राजनीतिक गलियारों में कई अर्थ निकाले जा रहे हैं।**

इंदौर में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि जिस दिन (14 नवंबर) इंदौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो हुआ था, उस दिन मैंने बयान दिया था कि हम इंदौर की सभी नौ और प्रदेश में 160 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। मैंने कहा था कि हम मालवा में सबसे ज्यादा वोटों से जीतेंगे, वह रिकॉर्ड तोड़ा। छत्तीसगढ़ में हमारी ग्रेट विक्ट्री है जिसकी हमें खुद कल्पना नहीं थी। राजस्थान में भी अच्छी जीत हासिल की है। हम अगला लोकसभा चुनाव 400 से ज्यादा सीटों से जीतेंगे।

### मोदी के मन में मप्र और मप्र के मन में मोदी

उन्होंने कहा हमने पहले ही कहा था कि हम सफाई में नंबर-1 हैं और राजनीतिक सफाई में भी इंदौर नंबर-1 रहेगा। उन्होंने जीत के आधार को लेकर कहा कि मोदी के मन में मप्र और मप्र के मन में मोदी हैं। मप्र की जनता ने महसूस किया है कि अगर किसी ने विकास किया है तो वह भाजपा ने। मप्र में विकास को लेकर चाहे सडक हो, बिजली हो, महिला सुरक्षा हो, गरीब कल्याण की योजना हो..इसका श्रेय किसी को जाता है तो वह प्रधानमंत्री मोदी जी हैं, जिनके नेतृत्व पर लोगों को विश्वास है। मप्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में हमें जो बड़ी जीत मिली है उसका श्रेय मोदी जी के नेतृत्व, अमित शाह की रणनीति और नड्डा जी की संगठन शक्ति को जाता है।

### मालवा-निमाड़ में सबसे ज्यादा जीत

उन्होंने कहा कि मैं एक साल से मालवा-निमाड़ में काम कर रहा था और उद्देश्य यही था कि इस बार हम यहां ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने का प्रयास करेंगे। यह इलाका पिछली बार हमारे लिए नुकसानदायक रहा था। हमने एक साल से कोशिश की और मालवा-निमाड़ से सबसे ज्यादा जीत मिली है। उन्होंने कहा कि रमेश मेंदोला एक लाख वोट से, मालिनी गौड़ 1 लाख वोट से, सीएम शिवराज जी भी एक-डेढ़ लाख के आसपास जीतेंगे। जनता का यह प्यार एक बार में नहीं मिलता। हम लगातार जनता की सेवा कर रहे हैं।

### कांग्रेस नेताओं को जमीनी अंदाज नहीं था

मप्र का मुख्यमंत्री कौन होगा? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री होगा इसके बारे में दिल्ली से हाईकमान ही फैसला लेगा। उन्होंने मीडिया से कहा कि आखिर जनता कांग्रेस को वोट क्यों दें? ना उनके पास नेता हैं, ना नीति है और ना ही अच्छी नीयत है। इसलिए जनता ने कांग्रेस को आइना दिखा दिया है। जनता का कांग्रेस को संदेश है कि लोकसभा में जाने से पहले इस आइने में अपना चेहरा देख लो। भाजपा की बड़ी जीत के बाद इंडिया गठबंधन की बैठक के सवाल पर उन्होंने कहा, क्या नीतीश जी, लालू जी, अखिलेश, ममता जी जाएंगे? ये सभी बहुत नाराज हैं। अब पता नहीं कौन सा नया गठबंधन बनता है। मतगणना के पहले ही कांग्रेस ने हेलिकॉप्टर व रिसॉर्ट बुक कर लिए थे, इस पर उन्होंने कहा कि इसका मतलब कांग्रेस नेताओं को जमीनी अंदाज नहीं था। वे हेलिकॉप्टर में घूमते हैं, एसी रूम में रहते हैं। उन्हें जमीन हकीकत का एहसास ही नहीं था।

# विदेशों में बैठे साइबर अपराधी इंदौर के लोगों से कर रहे ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विदेशों में बैठे साइबर अपराधी इंदौर में फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। अपराध शाखा के पास सैकड़ों पीड़ितों ने शिकायत दर्ज करवाई है। अपराध शाखा ने चीन, नाइजीरिया, दुबई और थाईलैंड में बैठे अपराधियों की जानकारी जुटा ली है। गिरफ्तारी के लिए अंतरराष्ट्रीय संधि की मदद ली जा रही है।**

डीसीपी (अपराध) निमिष अग्रवाल के मुताबिक, टेक्नोलाजी के विस्तार का फायदा उठाकर अपराधी विदेश में बैठे-बैठे आसानी से अपराध कर लेता है। निवेशक भी बगैर देखे-जाने आनलाइन रुपये निवेश कर देते हैं। इस वर्ष हमने सात प्रकरणों में पाया कि सैकड़ों करोड़ के फर्जीवाड़े के असल मास्टर माइंड विदेश में हैं। वर्चुअल नंबरों से छोटे लोगों के जरिए पूरे भारत में ठगी कर लेते हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ जानकारी जुटा ली, लेकिन विदेश में होने के कारण उन तक पहुंचना आसान नहीं है। हमने लुक आउट नोटिस भी जारी करवाया है।

### इंडोनेशिया से गरीबों को फंसाया

अपराध शाखा ने ग्रीन एनर्जी स्कैम मामले में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया। मामले में पुलिस खाता धारकों तक पहुंची तो पता चला कि उन्होंने कमीशन के लालच में खाते मुहैया करवा दिए। स्कैम का मास्टर माइंड इंडोनेशिया में बैठा हुआ था। आयात-निर्यात का कारोबार करने वाले एक कारोबारी ने शिकायत दर्ज करवाई कि उनसे दक्षिण अफ्रीका अनाज भेजने की डील हुई थी। उसको फर्जी ट्रांजेक्शन भी दर्शा दिए गए थे। जांच की तो मास्टर माइंड दुबई का निकला। वहीं एक युवती से इन्फुलेंसर की फर्जी आइडी के जरिए 19 लाख ठगे। उससे बिट क्वाइन में 19 लाख रुपये निवेश करवा कराए गए। युवती ने वालेट जांचा तो खाली मिला।

### रोज हजारों कमाए और अचानक लाखों गंवा बैठे

साइबर अपराधियों ने लोगों को रोजाना हजारों रुपये कमाने का झांसा देकर लाखों रुपयों की चपत लगाई है। पीड़ितों ने अपराध शाखा में शिकायत दर्ज करवाई है। प्रारंभिक जांच में ठगी का आंकड़ा 50 लाख रुपये तक पहुंच गया है। डीसीपी (अपराध) निमिष अग्रवाल के मुताबिक, फिलहाल प्रीत कमल मालवीय (सेवा सरदार नगर) की शिकायत पर केस किया है। प्रीत ने ठग के कुछ नंबर भी उपलब्ध करवाए हैं। युवती के मुताबिक, आरोपितों ने मई में द वाईन ग्रुप में निवेश करने का झांसा दिया था। आरोपितों ने सक्रिय सदस्य को निवेश की राशि दो से तीन गुना करने का प्रलोभन दिया। टीम मेंबर बढ़ाने पर कमीशन बढ़ाने का कहा गया।

# इंदौर दो से भाजपा उम्मीदवार मेंदौला की प्रदेश में सबसे बड़ी जीत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर की दो नंबर विधानसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार रमेश मेंदौला ने प्रदेश में सबसे ज्यादा वोटों से जीत दर्ज कराई है। उन्हें कुल 1 लाख 7 हजार 47 वोट की बढ़त लेकर कांग्रेस के चिंटू चौकसे को हराया है। इंदौर जिले की 9 सीटों में इस बार सबसे कम वोटिंग 67.45 दो नंबर में हुई थी। इसके बावजूद सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड बना।

इससे पहले मेंदौला ने वर्ष 2013 में प्रदेश में सबसे ज्यादा वोटों से जीत दर्ज कराई थी। तब उन्हें 91241 की लीड़ मिली थी। वर्ष 2008 में सुरेश सेठ को मेंदौला ने 39 हजार 937 वोटों की बढ़त से हराया था। वर्ष 2018 में 71 हजार 11वोटों से चुनाव जीते थे। इस बार सबसे ज्यादा वोटों के दूसरे क्रम पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर की बहू कृष्णा गौर रही। उन्होंने कांग्रेस के रविंद्र साहू को 1,06668 वोटों से हराया। तीसरे नंबर पर बुधनी से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तगड़ी लीड लेकर चुनाव जीते। उन्हें इस बार 1,04974 वोटों की लीड़ मिली। मेंदोला ने इस चुनाव में पहले राउंड में ही पांच हजार वोटों की बढ़त ली थी और फिर अंतिम राउंड तक पीछे मुड़ कर नहीं देखा।

# अबकी बार..इंदौर से मंत्री पद के लिए किसकी कितनी दावेदारी

## एक, दो नहीं छह दावेदार; विजयवर्गीय का भविष्य CM फेस तय होने के बाद पता चलेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्य प्रदेश में नई सरकार की तस्वीर साफ हो गई है। इसी के साथ शुरू हो गई है कि इंदौर जिले से अबकी बार मंत्री कौन-कौन? दिलचस्प है कि इस बार दावेदारों की लिस्ट लंबी हो गई है। एक, दो नहीं, बल्कि छह नाम सामने आ गए हैं। चूंकि जिले में इस बार भाजपा ने कांग्रेस का क्लीन स्विप कर दिया है, ऐसे में शहर को ज्यादा तवज्जो देने का दबाव नए मुखिया पर रह सकता है। हम सिलसिलेवार तरीके से बताने जा रहे हैं कि कौन-कौन हो सकता है मंत्री पद का दावेदार और क्यों**

### विजयवर्गीय सबसे सीनियर लेकिन मंत्री बनने पर संशय

इंदौर-1 से चुनाव जीते कैलाश विजयवर्गीय सबसे सीनियर विधायकों में हैं लेकिन वे अब सिर्फ मंत्री पद से मान जाएंगे, यह बात समर्थकों के गले नहीं उतर रही। उनके कई बयान भी प्रदेश के कुछ बीजेपी नेताओं के विरोधाभासी रहे हैं। वे खुद भी कह चुके हैं कि इंदौर-1 से चुनाव लड़कर सिर्फ विधायक बनने नहीं आया हूं। चूंकि वे मंत्री पद 10 साल पहले एक फोन पर छोड़ चुके हैं तो ऐसे में समर्थकों को हाईकमान से ज्यादा उम्मीदें हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि जब तक मुख्यमंत्री पद का चेहरा तय नहीं होगा, विजयवर्गीय को लेकर भी सिर्फ अटकलें लगाई जा सकती हैं। मुख्यमंत्री पद की दावेदारी के सवाल पर विजयवर्गीय ने कहा कि यह हाईकमान तय करेगा। कोई भाजपा कार्यकर्ता ही मुख्यमंत्री बनेगा।

### वर्तमान सरकार में दो मंत्री, दोनों ही ग्रामीण क्षेत्र के

शिवराज कैबिनेट में वर्तमान में दो मंत्री तुलसी सिलावट (सांवेर विधायक) और उषा ठाकुर (महू विधायक) हैं। हालांकि ये दोनों ही ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और शहर में इनका सीधा कोई होल्ड नहीं रहा है। इस बार 4 से 7 बार तक जीते विधायकों की लिस्ट लंबी हो गई है, ऐसे में दावेदार बढ़ गए हैं।

### एक नहीं, तीन दावेदार हैं जो तीन से चार बार के लगातार विजेता

इंदौर शहर के विधायक रमेश मेंदोला प्रदेश में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले विधायक हैं तो महेंद्र हार्डिया लगातार 4 बार से चुनाव जीतते आ रहे हैं। दोनों का दावा पिछले उपचुनाव के बाद था लेकिन आपसी खींचतान में इंदौर को होल्ड पर कर दिया गया था। इनके अलावा पूर्व महापौर और चार नंबर सीट से लगातार तीन बार विधायक मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ का भी नाम है।

### एक समय इंदौर से थे दो-दो मंत्री

2008 के पहले इंदौर शहर में दो-दो मंत्री थे। कैलाश विजयवर्गीय और लक्ष्मण सिंह गौड़। विजयर्गीय पहली बार 2003 में, लक्ष्मण सिंह गौड़ को 2007 में मंत्री बनाया गया था। कुछ समय बाद गौड़ का निधन हो गया था जबकि कैलाश विजयवर्गीय ने राष्ट्रीय महामंत्री बनने के बाद 4 जुलाई 2015 को मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

### 2016 में मंत्री बनने का मौका मिला तो आपसी लड़ाई में इंदौर हो गया सरकार से बाहर

2020 उपचुनाव के बाद विधायक महेंद्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, मालिनी गौड़ भी सीनियरिटी के लिहाज से मंत्री पद के दावेदार थे। दावेदारों की सूची जब दिल्ली पहुंची तो इंदौर को लेकर ही सबसे ज्यादा खींचतान मची थी। हालांकि कांग्रेस से भाजपा में आए तुलसी सिलावट और संघ समर्थन से उषा ठाकुर बाजी मार गईं।

### कांग्रेस सरकार ने इंदौर से किसी को नहीं बनाया था मंत्री

2018 में जब प्रदेश में कमलनाथ की सरकार आई तब भी इंदौर शहर खाली हाथ रहा। इस दौरान भी कमलनाथ ने अपने मंत्रिमंडल में इंदौर ग्रामीण सीट राऊ के विधायक जीतू पटवारी और सांवेर के विधायक तुलसी सिलावट को मंत्री बनाकर मंत्रिमंडल में जगह दी थी। 2018 से ही कांग्रेस और भाजपा दोनों ने ही इंदौर शहर को कैबिनेट से बाहर रखा।

### मुख्यमंत्री बनने के सवाल को टाल गए विजयवर्गीय

उधर, वरिष्ठ नेता विजयवर्गीय ने कहा कि जनता का प्यार है, विश्वास है, मोदीजी का नेतृत्व है, अमित शाहजी की रणनीति है, नड्डाजी का नेतृत्व है जिसमें टीम तैयार हुई। मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर कहा कि यह निर्णय जिस प्लेटफॉर्म पर होते हैं, उसका उत्तर कभी मीडिया में नहीं दिया जाता।

पूरी प्लानिंग और वरिष्ठ नेताओं का प्रचंड जीत में रहा योगदान ...

# भाजपा ने अनायास नहीं लहराया परचम ...!

◆ इंदौर में एक साथ नौ सीटें जाने से कांग्रेस सकते में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल/जयपुर/रायपुर। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में उम्मीद से अधिक सीटें हासिल कर लिया। कांग्रेस को केवल एक राज्या तेलंगाना से संतुष्ट होना पड़ा। उम्मीद की जा रही थी कि इस बार मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांटे की टक्कर होगी, लेकिन मप्र में तो ऐसा कहीं पर दिखाई नहीं दिया और भाजपा ने सीधी-सीधी जीत दर्ज की, तो वहीं छग में जरूर कुछ मुकाबला हुआ। वहीं राजस्थान में परंपरा कायम रही और जनादेश भाजपा के पक्ष में गया। तीन राज्यों में भाजपा की जीत अनायास नहीं है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा के मजबूत संगठन, बेहतर चुनावी प्रबंधन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्मा काम कर गया। कांग्रेस नेताओं को सबसे बड़ा ताज्जुब यह भी हुआ है वह इंदौर जिले में सभी नौ सीटें गंवा सकते हैं। इस हार के बाद सभी सकते में हैं, क्योंकि कुछ सीटों पर कांग्रेसी जीत तय मानकर ही चल रहे थे।**

### यह था बड़ा दांव

दरअसल मध्यप्रदेश में कमलनाथ, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और राजस्थान में अशोक गहलोत ही एक तरह से कांग्रेस नेतृत्व बनकर सामने थे। ऐसा लगा नहीं कि राष्ट्रीय स्तर की एक पार्टी चुनाव में उतरी है। इसके उलट भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चेहरा बनाकर तीनों राज्यों में पेश किया। यह बड़ा दांव था, जो चल गया।



### यह फायदे का सौदा नहीं

भाजपा ने मध्यप्रदेश में प्रतिष्ठान विरोधी कारक को मात दी। वहीं कांग्रेस से उसके प्रमुख राज्य राजस्थान के साथ ही छत्तीसगढ़ को भी छीन लिया। कांग्रेस ने भले ही भाजपा के दक्षिण में प्रवेश का एक और प्रयास तेलंगाना में विफल कर दिया। लेकिन इसके साथ राजस्थान व छत्तीसगढ़ गंवाने का सौदा फायदे का तो नहीं लगता।

### कांग्रेस की संभावनाओं पर असर

विधानसभा चुनावों के इन नतीजों का असर 2024 के चुनाव में कांग्रेस की संभावनाओं पर निश्चित ही पड़ेगा। इन चुनावों में कांग्रेस तेलंगाना में एक मजबूत क्षेत्रीय पार्टी, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को हराने में तो सफल रही, लेकिन कुल मिलाकर भाजपा के आगे कमजोर साबित हुई। मध्यप्रदेश में कांग्रेस में दिग्गज नेताओं की गुटबाजी में भाजपा को मौका हाथ लग गया।

### राजस्थान कांग्रेस में खींचतान की खाई नहीं पाट सके

राजस्थान में जमकर विज्ञापनबाजी, योजनाओं और तोहफों की झड़ी लगाने के बावजूद मतदाताओं का विश्वास अशोक गहलोत नहीं जीत पाए। महज विज्ञापनबाजी से चुनाव नहीं जीते जा सकते। गहलोत वहां सचिन पायलट से खींचतान की खाई नहीं पाट सके। चुनावी मैदान में डटे कार्यकर्ताओं के साथ ही मतदाताओं में इसका जो भी संदेश गया, वह नतीजों में साफ दिख गया।

### चेहरा नहीं, लेकिन शिल्पकार

राजस्थान के विपरीत मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान लाड़ली बहना जैसी योजनाओं को लेकर मतदाताओं में विश्वास पैदा कर गए। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें अपना चेहरा नहीं बनाया, लेकिन वे जीत के शिल्पकार साबित हुए। जीत के बाद चौहान ने श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया। मत फीसद के लिहाज से कांग्रेस को खास नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन ओबीसी, आदिवासी व कुछ अन्य मत आखिरी दौर में भाजपा की ओर मुड़ गए और सीटों के स्तर पर गणित बदल गया।

### नहीं चला कांग्रेस का दांव


कांग्रेस ने इन चुनावों से पहले जाति जनगणना का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। मध्य प्रदेश, राजस्थान और यहां तक कि ओबीसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राज्य छत्तीसगढ़ तक में यह दांव नहीं चल सका। राहुल गांधी ने 'जितनी आबादी, उतना हक' का नारा दिया और कांग्रेस पार्टी ने जाति सर्वेक्षण करवाने की गारंटी दी। उत्तर भारत में जाति कड़वी सच्चाई है। राजनीति में जाति की जकड़ तो बहुत मजबूत है। लेकिन चुनाव नतीजों ने बता दिया कि जनता जाति नहीं देखती है जब मोदी का चेहरा नजरों के सामने हो।

### अब कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती

इन चुनावों के दम पर कांग्रेस विपक्षी गठबंधन में भी अपना सिक्का जमाना चाहती थी। वह साबित करना चाहती थी कि अगर भाजपा का मुकाबला करना है तो वह कांग्रेस ही कर सकती है और कांग्रेस की मदद से ही भाजपा को 2024 में हराया जा सकता है। अब कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती होगी, विपक्षी इंडिया गठबंधन में उन दलों को सहेजना जिनसे उसने इन चुनावों में दूरी बनाई थी।

## बात मुद्दे की

## एक शादी देखी और दिल खुश हो गया..



मैतेई रस्मों के साथ हुई एक मणिपुरी शादी !
सभ्यता और संस्कृति से सजी एक सुंदर शादी ..
ना कोई बॉलीवुड म्युज़िक ..
न कोई छिछोरा नाच .
सजी धजी सुन्दर सम्रध महिलाएं,
और गरिमामयी पुरुष.
हो भी क्यों ना !

आखिर मणिपुर के हिन्दू वैष्णव मैती समुदाय का 2000 साल का इतिहास है,

सबसे सभ्य और सबसे सुसंस्कृत..

बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा ने अपनी गर्लफ्रेंड लिन लैशराम के साथ बुधवार को मणिपुर के इंफाल में मैतेई विवाह समारोह में शादी की।

रणदीप हुड्डा मणिपुर के पारंपरिक व्हाइट धोती-कुर्ता पहने हुए दिख रहे हैं। उनके सिर पर ट्रेडिशनल पगड़ी हैं।

मणिपुर की मेरी दोस्त बिद्या सपम ने बताया कि मणिपुरी शादी में दूल्हा ज्यादा हंसी ठिठोली नहीं करता।

ना ही शादी की रस्मों के दौरान दूल्हे बेवजह के मजाक और कूद फांद करते हैं।

बल्कि शांत चित , चेहरे पर मुस्कान लिए गरिमा के साथ बैठते हैं।

दुल्हन बनीं लिन लैशराम ने मैरून कलर की पारंपरिक ब्राइडल पोटलोई ड्रेस पारंपरिक गहनों के साथ पहनी है।

शादी की रस्में इम्फाल के चुमथांग शन्नापुंग रिसॉर्ट में हुईं।

जयमाला पहनाने की परम्परा का कितनी सादगी और पवित्रता के साथ निर्वाह हुया है।

जहां अब हर जगह की शादी लगभग चौपट सी हो गयी है।

ऐसे में जब किसी शादी की इतनी सुन्दर तस्वीरें दिखें तो मन प्रसन्न हो जाता है।

## अलीराजपुर क्षेत्र से चौहान, जोबट से श्रीमती सेना पटेल विजयी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अलीराजपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत 191 अलीराजपुर विधानसभा क्षेत्र एवं 192 जोबट विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना शासकीय महाविद्यालय अलीराजपुर में हुई। अलीराजपुर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पाटी के अभ्यर्थी श्री नागरसिंह चौहान को 83764 मत प्राप्त हुए। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अभ्यर्थी मुकेश पटेल को 80041 वोट प्राप्त हुए। नागरसिंह चौहान 3723 मतों से विजयी रहे। अलीराजपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत अन्य अभ्यर्थी अंतर सिंह पटेल को 3705, श्री नवलसिंह मंडलोई को 2706, श्री सुरेन्द्र ठकराला को 11361, श्री हिरला चौहान को 2275 मत प्राप्त हुए। विधिमान्य कुल मत 183852, अस्वीकृत मतों की संख्या 322, नोटा मतों की संख्या 3814 कुल मत 187988 रहे। जोबट विधानसभा क्षेत्र के तहत भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री विशाल रावत को 42027 मत प्राप्त हुए। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अभ्यर्थी श्रीमती सेना पटेल को 80784 मत प्राप्त हुए। श्रीमती सेना पटेल 38757 मतों से विजयी रहीं। जोबट विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत अन्य अभ्यर्थी श्री मोहनसिंह निगवाल को 3216, श्री अजनार सुरपाल को 9614, श्रीमती रिंकुबाला डावर को 2527, श्री दिलीपसिंह भूरिया को 1737, श्री माधोसिंह डावर को 21312 मत प्राप्त हुए। कुल वैध मतों की संख्या 161217, निरस्त हुए मतों की संख्या 339, नोटा मतों की संख्या 4643 कुल मतों की संख्या 165521 रहे।

## अर्चना चिटनीस ने शेरा को तो मंजू दादू ने गेंदु बाई को पटका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर।** विधानसभा चुनाव के परिणाम सामने आ चुके हैं बुरहानपुर विधानसभा से पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रवक्ता अर्चना चिटनीस ठाकुर सुरेन्द्र सिंह शेरा भैया को 31171 वोटो से हराकर 2018 की हार का बदला लिया वहीं नेपानगर विधानसभा से मंजू दादू ने कांग्रेस की गेंदु बाई को रिकॉर्ड 44805 वोटो से हराकर जीत दर्ज कराई । इस प्रकार जिले की दोनों विधानसभा सीट पर भाजपा प्रचंड बहुमत से जीत कर परचम लहराया बुरहानपुर का यह विधानसभा चुनाव अन्य चुनाव के मुकाबले अलग रहा, क्योंकि यहां पहली बार भाजपा में खुलकर बगावत सामने आई बागी उम्मीदवार खड़े हुए भाजपा के कद्दावर नेताओं ने इस्तीफा दिए और पार्टी के खिलाफ काम किया बावजूद इसके भाजपा प्रत्याशी अर्चना चिटनिस की रणनीति ने सभी को ढेर कर दिया यहां भाजपा बगावत कर पार्टी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाई परंतु कांग्रेस की बगावत रंग लाई यहां कांग्रेस प्रत्याशी ठाकुर सुरेंद्र सिंह कांग्रेस की बगावत का मुकाबला नहीं कर पाए और बागी अपने मकसद में सफल हुए । उन्होंने कांग्रेस को हार का मुंह दिखाया। विधानसभा चुनाव के आने वाले परिणामों ने प्रदेश में कांग्रेस के दावों की पोल खोल कर रख दी। जिले में दोनों सीट पर भाजपा की जीत के साथ खंडवा संसदीय क्षेत्र की 8 विधानसभा सीटों पर भाजपा का परचम लहराने का सेहरा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के सर बंधा है । पूरे संसदीय क्षेत्र की सीट पर भाजपा की जीत से सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल का कद बढ़ा है।

## लाड़ली लहर में ताश के पत्तों के महल की तरह ढह गई कांग्रेस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** रविवार को मतगणना के बाद जिले की सियासी तस्वीर साफ हो गई। जबलपुर जिले की आठ विधानसभा सीटों में सात विधानसभा सीटों पर सत्तारुढ दल भाजपा ने धमाकेदार जीत दर्ज की। लाडली बहना लहर में कांग्रेस ताश के पत्तों के महल की तरह ढह गई। उसे महज १ सीट पर जीतकर संतोष करना पड़ा। जिले में सबसे बड़ी जीत सिहोरा मे दर्ज की गई। यहां भाजपा प्रत्याशी ४२७७२ से अधिक मतों से विजयी हुये। दूसरे नम्बर पर पनागर के सुशील तिवारी इंदू रहे, जिन्होंने ४० हजार ८ सौ १ मतों से जीत दर्ज की। तीसरे नम्बर पर बरगी विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी नीजर सिंह लोधी रहे, जिन्होंने ३९९५७ मतों से जीत दर्ज की। रविवार देर शाम तक चली मतगणना के बाद जिले की सियासी तस्वीर साफ हो गई। प्रदेश में १६६ सीटों के साथ भाजपा की सरकार की तस्वीर भी साफ हो गई थी। जिले में भाजपा ने आठ में से ७ सीटों पर कब्जा किया। लाड़ली बहना योजना फेक्टर प्रभावी होने के बाद भाजपा ने जिले में ७ सीटों पर शानदार जीत दर्ज की। सुबह ७ बजे से शुरू हुई मतगणना को लेकर पूरे जिले में उत्साह रहा। लोग टेलीविजन पर आ रहे रुझान देखते रहे। वहीं कुछ लोग सोशल मीडिया पर जीत और हार की जानकारी जुटाते रहे। सबसे पहले सिहोरा सीट पर हुई मतगणना की घोषणा हुई। यहां पर भाजपा प्रत्याशी संतोष बरकड़े ने कांग्रेस की एकता ठाकुर को करारी शिकस्त दी। संतोष ने एकता ठाकुर को ४२ हजार से अधिक मतों के अंतर से हराया। इसके बाद लगातार रिजल्ट आते रहे। शाम होते होते सभी सीटों की स्थिति साफ हो गई। पूर्व को छोड़ दें तो अकेले उत्तर मध्य विधानसभा सीट ऐसे थी जहां कांग्रेस प्रत्याशी ने एक बार बढ़ बनाई। उसके बाद वो भी जो पिछडे तो पिछड़ते चले गये।

Uttarakhand

# नीती घाटी और यमुनोत्री में बर्फबारी....तस्वीरों में देखें बर्फ से ढकी घाटी का ये खूबसूरत नजारा

**जोशीमठ (चमोली)/ बड़कोट (उत्तरकाशी), (एजेंसी)** चमोली जिले के नीती घाटी में और उत्तरकाशी जिले के यमुनोत्री में बर्फबारी से तापमान में गिरावट आ गई है। यहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। वहीं बर्फबारी के बाद यहां बेहद खूबसूरत नजारा दिखाई दिया। घाटी बर्फ से ढक गई है। वहीं यमुनोत्री धाम सहित आसपास के क्षेत्रों में बर्फबारी हुई जबकि बड़कोट तहसील क्षेत्र में बारिश का मौसम बना हुआ है।

उधर बदरीनाथ धाम में कड़ाके की ठंड के बावजूद महायोजना मास्टर प्लान के कार्य तेजी से चल रहे हैं। शनिवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बदरीनाथ धाम पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए गुणवत्ता के साथ सभी कार्य समय पर पूरा करें।



डीएम ने धाम में रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, सिविक एमिनिटी सेंटर, मंदिर सौंदर्यीकरण, अराइवल प्लाजा, टीआईसीसी, आईएसबीटी, अस्पताल विस्तारीकण सहित अन्य कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो चुके हैं।

शाम होते ही धाम में ठंडी हवा चलनी शुरू हो जाती हैं, रात को पारा माइनस में पहुंच रहा है।

धाम में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, लेकिन इसके बावजूद यहां मास्टर प्लान के कार्य जारी हैं। हालांकि कपाट बंद होने के चलते यहां आवाजाही नहीं हैं, ऐसे में निर्माण कार्यों में कोई दिक्कत नहीं आ रही है। डीएम ने धाम में रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, सिविक एमिनिटी सेंटर, मंदिर सौंदर्यीकरण, अराइवल प्लाजा, टीआईसीसी, आईएसबीटी, अस्पताल विस्तारीकण सहित अन्य कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो चुके हैं।

New Delhi

## बेटे का जबरन धर्म परिवर्तन करा निकाह कराना चाहते हैं, मां का सलीम और उसकी बीवी पर आरोप

**गाजियाबाद, (एजेंसी)** दिल्ली से सटे गाजियाबाद में एक मा ने आरोप लगाया है कि उनके पड़ोस में रहने वाला सलीम उनके बेटे पर जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा है। अब विजयनगर पुलिस ने युवक पर धर्म परिवर्तन का दबाव डालने वाले पड़ोसी दंपति और उनके बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया है। युवक की मां का आरोप है कि पड़ोसी उनके बेटे पर धर्म बदलकर उनकी बेटी से निकाह करने का दबाव डाल रहे थे। बात न मानने पर रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे थे।

विजयनगर थानाक्षेत्र की अब्दुल हमीद कॉलोनी में रहने वाली महिला का कहना है कि उनके पड़ोस में रहने वाला सलीम, उसकी पत्नी नायजा और बेटा सुफियान अकसर उनके बेटे को राह चलते पकड़ लेते हैं और मारपीट करते हुए उस पर धर्म पर्विर्तन करने का अनैतिक दबाव बनाते हैं। बात न मानने पर आरोपी उन्हें मकान खाली करके जाने की धमकी दे रहे हैं।

आरोप है कि 28 नवंबर को तीनों आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ उनके घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी।

Uttarpradesh

## शादी के बाद मायके आई दुल्हन ने किया ऐसा कांड, गांव में मचा हाहाकार

**कानपुर, (एजेंसी)** कानपुर में मछरिया निवासी 22 वर्षीय युवती का विवाह 15 दिन पूर्व हुआ था। पांच दिन पहले विवाहिता ससुराल से मायके आई थी। रविवार को विवाहिता के सुसरालीजन उसे लेने के लिए आने वाले थे। तभी विवाहिता मौका देखकर घर के पास रहने वाले प्रेमी संग फरार हो गई। युवती के परिजन उसके प्रेमी के घर पहुंचे। घर पर उसके न मिलने पर परिजनों ने हंगामा कर दिया। काफी तलाश के बाद विवाहिता अपने प्रेमी संग टाटमिल में मिली। परिजन दोनों के लेकर नौबस्ता थाने पहुंचे और युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। पुलिस ने पूछताछ की तो विवाहिता ने दुष्कर्म की बात नकारते हुए परिजनों पर जबरन शादी कराने का आरोप लगाया। करीब तीन घंटे चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद विवाहिता के परिजन प्रेमी संग शादी को राजी हो गए।

New Delhi

## 1500 रुपये वापस न करने पर बहनोई की ईंट मारकर ली जान, सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** नांगलोई इलाके में पंद्रह सौ रुपये वापस नहीं करने पर एक युवक ने बहनोई की ईंट मारकर हत्या कर दी। उसने अपने साले से रुपये उधार लिए थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के जरिए आरोपी तक पहुंची और उसे रविवार को मुंडका से गिरफ्तार कर लिया। मृतक की शिनाख्त स्वर्ण पार्क निवासी नरेश (40) के रूप में हुई है।

दो दिसंबर को पुलिस को स्वर्ण पार्क में एक युवक की हत्या किए जाने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि कमरे में एक युवक लहूलुहान हालत में पड़ा है। उसके सिर पर ईंट से वार किया गया है। पास ही ईंट पड़ी हुई थी। छानबीन में पता चला कि नरेश कूड़ा बीनने का काम करता था और वह मूलतः बरेली के कैरा गांव का रहने वाला था।

पुलिस ने मौके पर क्राइम टीम को बुलाकर जांच करवाई। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। नांगलोई थाना प्रभारी प्रभु दयाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू की। जांच में पता चला कि मृतक की पत्नी अपने बच्चों के साथ उससे अलग रहती थी। नरेश को आखिरी बार उसके एक दोस्त ने उसके साले महेंद्र के साथ देखा था।

खेल

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर बनाया बड़ा रिकॉर्ड, अर्शदीप सिंह ने आखिरी ओवर में 10 रन बचाए

**बंगलूरू, (एजेंसी)** भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पांच टी20 मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में छह रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज को 4-1 से अपने नाम कर लिया। उसने विशाखापट्टनम में दो विकेट और तिरुवनंतपुरम में 44 रन से जीत हासिल की थी। इसके बाद गुवाहाटी में ऑस्ट्रेलिया पांच विकेट से जीता था। भारत ने फिर वापसी की और आखिरी दो मैचों को अपने नाम कर लिया। उसने ऑस्ट्रेलिया को रायपुर में 20 और अब बंगलूरू में छह रन से हराया।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को टी20 में 19वीं बार हराया है। एक टीम के खिलाफ भारत की यह संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा जीत है। उसने श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ भी टी20 में 19-19 जीत हासिल की है। एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा जीत का रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम है। उसने न्यूजीलैंड को 20 बार हराया है।



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मैथ्यू वेड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 160 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 154 रन ही बना सकी। उसके लिए बेन मैकडरमॉट ने सबसे ज्यादा 54 रन बनाए, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। ट्रेविस हेड ने 28 और मैथ्यू वेड ने 22 रन बनाए। टिम डेविड 17 और मैथ्यू शॉर्ट 16 रन बनाकर आउट हुए। एरॉन हार्डी छह और जोश फिलिप चार रन ही बना सके। भारत के लिए मुकेश कुमार ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। अर्शदीप सिंह और रवि बिश्नोई को दो-दो सफलता मिली। अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया।

आखिरी ओवर का रोमांच

अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए आखिरी ओवर में 10 रन बचा लिए। उन्होंने टीम इंडिया को छह रन से जीत दिलाई। अर्शदीप ने 20वें ओवर में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मैथ्यू वेड को आउट कर भारत की जीत पक्की कर दी थी। उन्होंने पहली और दूसरी गेंद पर वेड को रन नहीं बनाने दिया। तीसरी गेंद पर उन्हें आउट कर दिया। चौथी गेंद पर जेसन बेहरेनडॉर्फ एक रन ही ले सके। अब दो गेंद पर ऑस्ट्रेलिया को नौ रन बनाने थे। नाथन एलिस ने पांचवीं गेंद पर एक रन लिया। उनके बाद आखिरी गेंद पर बेहरेनडॉर्फ ने भी एक ही रन लिया। इस तरह टीम इंडिया छह रन से मैच जीत गई।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मैथ्यू वेड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उनका यह फैसला गेंदबाजों ने सही साबित करते हुए मेजबान टीम को शुरुआती झटके दे दिए। भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और पावरप्ले के शुरुआती छह ओवर में दो झटके लगे। दोनों सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (21) और ऋतुराज गायकवाड़ (10) पवेलियन लौट गए। यशस्वी छक्का मारने के प्रयास में जेसन बेहरेनडॉर्फ की गेंद पर लेग साइड में एलिस को कैच दे बैठे।

सिनेमा

## रणबीर कपूर ने 3 दिन में बॉक्स ऑफिस पर किया धुआं, तोड़े ये रिकॉर्ड्स




रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बॉक्स ऑफिस पर नोट छाप रही है। मूवी 3 दिन में ही भारत में 200 करोड़ रुपये कमा चुकी है। अब इस साल बंपर कमाई करने वाली पठान, जवान और गदर 2 को पीछे करने की होड़ में है। एनिमल मूवी ने देश के अलग-अलग हिस्सों में कमाई के कई रिकॉर्ड्स बनाए हैं। गुजरात और दिल्ली में फिल्म में सिंगल डे में सबसे ज्यादा कमाई का रिकॉर्ड बनाया है। यहां देखें बाकी किन मूवीज को पीछे किया।

संदीप रेड्डी वांगा के डायरेक्शन में बनी फिल्म एनिमल दर्शकों को थिएटर्स में खींच रही है। फिल्म की ओपनिंग काफी शानदार रही। पहले संडे को 70 करोड़ के करीब कमाई करने के बाद मूवी ने अब तक 200 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। Sacnilk की रिपोर्ट के मुताबिक, एनिमल हिंदी में लगातार 3 दिनों तक 50 करोड़ से ज्यादा रुपये कमाने वाली पहली फिल्म बन चुकी है। पहले दिन इसकी नेट हिंदी कमाई 54.75 करोड़ थी। दूसरे दिन इसकी कमाई 58.37 करोड़ पहुंची। तीसरे दिन फिल्म की एस्टीमेटेड कमाई 64 करोड़ के आसपास है। इससे पहले शाहरुख कान की पठान और जवान लगातार 2 दिनों तक 50 करोड़ रुपये कमा चुकी हैं।

एनिमल ने दिल्ली में सिंगल डे में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में टॉप पर है। तीसरे दिन फिल्म ने यहां 9.98 करोड़ रुपये कमाए और ऑक्यूपेंसी 92 फीसदी रही।

# संपादकीय

## केंद्र सरकार की चिंता

सीमा सुरक्षा के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जा सकती। पंजाब एक ऐसा राज्य है, जो पाकिस्तान की सीमा से बहुत करीब है। वहां तस्करी, मादक पदार्थों की बिक्री, अवैध रूप से हथियार पहुंचाने के लिए आतंकवादी अक्सर प्रयास करते पकड़े जाते हैं। पिछले कुछ सालों में जिस तरह वहां फिर से अलगाववादी शक्तियां सक्रिय हुई हैं और उनके तार अंतरराष्ट्रीय चरमपंथी संगठनों से जुड़े पाए गए हैं, उससे सीमा सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार की चिंता समझी जा सकती है। दरअसल, दो साल पहले केंद्र सरकार ने पंजाब में बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सीमा के पंद्रह किलोमीटर से बढ़ा कर पचास किलोमीटर कर दिया था। इस पर तत्कालीन राज्य सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी कि इस तरह उसकी कानून-व्यवस्था संबंधी शक्तियों को छीना जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ के पास अवैध प्रवेश पर नजर रखने, फर्जी पासपोर्ट की पहचान, तलाशी और जब्ती जैसे अधिकार होते हैं, जबकि पुलिस सभी तरह के संज्ञेय अपराधों पर नजर रखती है। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यह समवर्ती प्रकृति का मामला है और इसमें पुलिस और बीएसएफ साथ मिल कर काम कर सकते हैं। हालांकि पंजाब सरकार के तर्कों से ऐसा नहीं लगता कि रुख में बदलाव आया है। दरअसल, बीएसएफ अधिनियम 1968 की धारा 139 के अनुसार अंतरराष्ट्रीय सीमा से पचास किलोमीटर के दायरे में बीएसएफ का अधिकार होगा। ऐसा सभी राज्यों में है। मगर पंजाब और पश्चिम बंगाल में ऐसा नहीं था। पंजाब में बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र केवल पंद्रह किलोमीटर रखा गया था। गुजरात में यह क्षेत्र अस्सी किलोमीटर तक हुआ करता था, जिसे घटा कर पचास किलोमीटर कर दिया गया। पंजाब को इस पर एतराज इसलिए है कि उसकी बनावट गुजरात और राजस्थान जैसी नहीं है। राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे क्षेत्र में रेगिस्तान है, जबकि गुजरात में अधिकतर दलदली भूमि है। गुजरात के केवल दो शहर इससे प्रभावित होते हैं। पंजाब का करीब अस्सी फीसद हिस्सा इससे प्रभावित होता है और उसके ज्यादातर जिला मुख्यालय भी उसके दायरे में आ जाते हैं।

**अर्ज़ किया है..!**

*मुख़ालिफ़त से मिरी*
*शख़्सियत सँवरती है*
*मैं दुश्मनों का बड़ा*
*एहतिराम करता हूँ*

*-बशीर बद्र*



MORARI BAPU

**तथाकथित धर्मों ने भय और प्रलोभन देकर ही अपने धर्म का प्रचार करने का नेटवर्क बनाया है... आज का युवा कट्टरता क्या है? और करूणा क्या है? इसके अंतरको समझ सकता है...**

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### सैर-सपाटा

# 2 दिन के शिमला ट्रिप में इन जगहों को घूमने का बनाएं प्लान, यादगार रहेगा टूर

**हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला एक आदर्श हिल स्टेशन है। 'पहाड़ियों की रानी' हर किसी के लिए सबसे रोमांचक हॉलिडे डेस्टिनेशन है। शिमला दिल्ली/एनसीआर के साथ-साथ आसपास के दूसरे राज्यों में रहने वाले छुट्टियों के लिए पसंदीदा हॉट-स्पॉट में से एक रहा है। ज्यादातर लोग शिमला दो या फिर 3 दिन के लिए ही जाते हैं। ऐसे में आप यहां हम बता रहे हैं की दो दिन के ट्रिप में किन जगहों को घूमने के लिए जा सकते हैं।**

## पहला दिन

### रिज और माल रोड



शिमला शहर के केंद्र में स्थित, रिज रोड एक बड़ी खुली जगह है और यहां के सबसे शानदार पर्यटक आकर्षणों में से एक है। यह मॉल रोड के किनारे स्थित है, जो दूसरे सभी हिल स्टेशनों में से पहला मॉल रोड है।

### कुफरी



शिमला शहर से 15 से 20 किलोमीटर की दूरी पर मौजूद कुफरी बेहद फेमस है। ढलान वाले पहाड़ों और आलीशान हरियाली के लुभावने नजारों के साथ, कुफरी शिमला में स्कीइंग के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक मानी जाती है।

### क्राइस्ट चर्च



अंग्रेजी शासनकाल में बना यह चर्च आज भी शिमला की शान बना हुआ है। यह चर्च एंग्लीकेन ब्रिटिशन कम्युनिटी के लिए बनाया गया था जिसे उस समय सिमला कहते थे।

### सोलन



शिमला पहुंचने से ठीक पहले एक छोटा सा पहाड़ी शहर, उन सभी लोगों के लिए स्वर्ग है जो प्रकृति की शांति पसंद करते हैं। ये शिमला से 43 किलोमीटर दूर है जहां पहुंचने में लगभग 4 घंटे लगेंगे।

### जाखू मंदिर



जाखू पहाड़ी के ऊपर स्थित मंदिर भगवान हनुमान को समर्पित है। 108 फीट ऊंची भगवान की प्रतिमा के साथ, आप अपनी श्रद्धा अर्पित कर सकते हैं और प्रतिमा की विशालता से मंत्रमुग्ध हो सकते हैं।

## दूसरा दिन



### दोर्जे ड्रेक मठ

शिमला के फेमस पर्यटन स्थलों में से एक, दोर्जे ड्रैक मठ को टीडीएसी निंगमापा मठ के नाम से भी जाना जाता है। यह एक भव्य बौद्ध मठ है जो राज्य की तिब्बती संस्कृति को धारण और प्रदर्शित करता है।



### चैल

चैल शिमला से लगभग 44 किलोमीटर दूर स्थित एक और अनोखा छोटा पहाड़ी शहर है। यह अपनी सुंदरता और भव्य जंगलों के लिए जाना जाता है। 'चैल पैलेस' अपनी वास्तुकला के लिए काफी फेमस है।



### मशोबरा

शिमला से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित एक बेहद सुंदर जगह मशोबरा को 'शांत शिमला' के नाम से भी जाना जाता है।

## Highlights

- 2 die as newly-constructed wall collapses in Chennai amid cyclone
- Don't vent anger of defeat in polls inside Parliament: PM to Opposition
- Congress gets 39% vote share in T'gana as it wins 64 seats, BRS gets 37%
- Faulty road engineering causes accidents but drivers are blamed: Nitin Gadkari
- Tractor overturns during INC candidate's victory celebration in T'gana, supporter injured
- Policing the internet: Kerala's crackdown on free speech online

# Apple MacBook Pro 16 with M3 Max forces PC makers to reset and restart, again

NEW DElHI, (Agency). Alongside benchmark resetting performance, a familiar design but with a new colour and staggering spec customisation options that define a category

Just about a year on, it is time again for the inevitable. Another step forward for the Apple MacBook Pro 16. It's been twice in a year, this time around, which itself is a conflict against the routine. Clearly the M3 couldn't wait, and unleashed its been. After all, an all-round step forward from the M2 series that itself set performance and battery stamina benchmark, worrying everything in the Windows PC ecosystem. Perhaps we aren't charmed anymore by serious spec upgrades. Could it be Apple's precision with resetting performance reference points, with every Apple Silicon generation? Maybe.

The Apple MacBook Pro 16-inch with M3 chip options, isn't an iterative update. It is a broader transition, a



development that'll undoubtedly have Intel, AMD and an entire ecosystem of Windows laptop makers, incredibly worried. Again. The flagship for this generation is the Apple MacBook Pro 16-inch with the M3 Max chip. It is the fastest among a troika that too has M3 and M3 Pro. It does cost a significant outlay too, with the base price for an M3 Max spec-ed machine, a mind-numbing ₹3,49,900. For a broader picture, the Apple MacBook Pro 16-inch with M3 is priced ₹2,49,900 onwards.

For that money, you'll get colossal specs too. Apple India Online Store's customise your Mac option illustrates a clear picture. Your choice between a 14-core CPU and 30-core GPU or a 16-core CPU and 40-core GPU options of the Apple M3 Max chip (without getting into geek-speak, more means even greater performance). While 36GB memory is itself a really high starting spec, this can be swapped for as much as 128GB RAM. There's up to 8TB SSD, or solid-state-drive, too. To quell curiosity, we customised this to the limit (including an 8TB SSD, though that'd be really rapacious for most), and the price tag reads an enormous ₹7,19,900.

# Mukesh Ambani makes '40 trillion dollars' prediction for Indian economy

NEW DElHI, (Agency) Reliance Industries Chairman Mukesh Ambani on Saturday expressed confidence about the Indian economy, saying that it will become a $40 trillion economy by 2047, from the current $3.5 trillion, reported PTI.

Ambani said that India, as the world's third-largest energy consumer, will also see its energy needs double by the end of this decade.

"And to fuel this growth, the country will need enormous amounts of energy



- clean, green energy that won't choke mother nature for the sake of human progress," he said at the convocation of Pandit Deendayal Energy University (PDEU) in Gujarat's Gandhinagar. "In fact, India's energy requirement is set to double just by the end of this decade."

Ambani said that in the coming 25 years, India will witness an unprecedented explosion of economic growth and that it is a crucible to turn the vision of a clean, green, and sustainable tomorrow into reality.

"As India races to build a robust energy infrastructure to meet its energy goals, it faces three crucial questions: One: How can it ensure that every citizen and every economic activity in India has access to adequate, most aordable energy? Two: How can it rapidly transition from fossil fuel-based energy to Clean and Green Energy?

# मृत वृद्धा के शव से रेप, बेटे पर केस दर्ज पीएम रिपोर्ट में हुई थी दुष्कर्म की पुष्टि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पलासिया इलाके में मृत बुजुर्ग महिला से रेप का मामला सामने आया है। पुलिस की जांच में आरोपी महिला का बेटा ही निकला। दरअसल पुलिस को महिला के शव की जानकारी लगी थी। इसके बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा। यहां पीएम के दौरान महिला के शव से रेप की पुष्टि हुई। पुलिस ने जांच के दौरान जब्त फुटेज के आधार पर आरोपी बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।**

पुलिस को गिरीराज माया देवी होस्टल के पास बड़ी ग्वालटोली में 70 वर्षीय बुजर्ग महिला का शव मिला। शव का पंचनामा बनाकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम से पता चला कि उसके साथ रेप हुआ है। पीएम करने वाले डॉक्टरों ने इसकी जानकारी तत्काल पलासिया पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और आसपास के फुटेज जब्त किए। फुटेज में स्वेटर और सिर पर टोपी पहने एक युवक दिखाई दिया। पुलिस ने इसी आधार पर आसपास के फुटेज चैक किए और आसपास के लोगों से पूछताछ की। इनकी जांच करने के बाद पुलिस ने आरोपी की पहचान की और उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी महिला का बेटा ही बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी बेटे का मेडिकल भी कराया है। प्रारंभिक जांच में वह मानसिक रोगी बताया जा रहा है।

### मां को अस्पताल ले गया था

पूछताछ में बेटे ने पुलिस को बताया कि वह मां के साथ लसूड़िया इलाके में बहन के घर के पास ही रहता है। बहन के कहने पर वह मां को एमवाय अस्पताल दिखाने लाया था। यहां से मां को दिखाने के बाद वह ऑटो रिक्शा में बैठा। पुलिस ने कहा कि वह सीसीटीवी में मां के साथ उतरता हुआ दिख रहा है। विनोबा नगर में उतरने के बाद वह गीता भवन के रास्ते मां को पैदल ही ले जाने लगा। यहां बीच रास्ते में मां की तबीयत बिगड़ी। तो बेटे ने उसे शौचालय के पास बैठा दिया। यहां चंद मिनटों में ही मां ने दम तोड़ दिया। मां के शरीर में कोई हलचल नहीं हुई तो बेटे ने मां के साथ यहीं दुष्कर्म कर दिया।

### ऐसे पहुंची पुलिस

महिला से दुष्कर्म होते देख स्थानीय रहवासी ने वीडियो बनाकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो यहां से शव को बरामद कर एमवाय अस्पताल भेज दिया। यहीं रहवासी ने पुलिस को वीडियो भी सौंप दिया। पीएम में रेप की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने वीडियो और सीसीटीवी के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे हिरासत में ले लिया।

# दोस्त के कमरे पर करंट लगा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जनता क्वार्टर में रहने वाले एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। शुक्रवार की रात में करंट लगने के बाद उसे साथी अस्पताल में भर्ती कर चले गए। दूसरे दिन अलसुबह परिवार इंदौर पहुंचा। युवक से बेसुध उपचार में होने के चलते बात नही हो पाई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।**

मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक 1 दिसंबर की रात करंट लगने के चलते कृष्णा पिता अमरसिंह तटैया को उपचार के लिये सचिन ने अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार को कृष्णा की यहां मौत हो गई। भाई ने बातचीत में बताया कि कृष्णा उनके रिश्तेदार के साथ गोपाल ओर सचिन के घर पर रात में गया। गोपाल ने घर पर प्लस्तर करने की बात कही। यहां उसे करंट लग गया। कृष्णा के साथ उनका रिश्तेदार भी था जो घटना के बाद से फरार है। इसी रात उन्हें जानकारी लगी तो वह गांव से इंदौर आए। तब कृष्णा का अस्पताल में उपचार चल रहा था। भाई के मुताबिक उसे करंट लगा इस बात की जानकारी उसके रिश्तेदार को है। जो हादसे के बाद से लापता है। भाई के मुताबिक कृष्णा कई साल से इंदौर में रहकर भूसे की दुकान पर काम करता था। वही परिवार में दो भाई ओर दो बहने है। परिवार मनावर में ही रहता है। पुलिस सोमवार को कृष्णा के शव का पोस्टमार्टम कराएगी।

## हुकमचंद मिल में जुटे मजदूर, बकाया राशि मिलने का जश्न मनाया

इंदौर। हुकमचंद मिल मजदूरों की साप्ताहिक बैठक रविवार को मिल में हुई। इसमें सैकड़ों मजदूर शामिल हुए। 218 करोड़ का भुगतान करने के कोर्ट के आदेश और अगले ढाई महीनों में खातों में बकाया राशि पहुंचने की उम्मीद में ये एकत्र हुए। सभी ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया।
बैठक में मजदूरों के अधिवक्ता गिरीश पटवर्धन और धीरज सिंह पंवार भी शामिल हुए। उन्होंने सभी को बताया कि पैसा कब और कैसे वितरित किया जाएगा। बैठक में स्वाति काशिद, हरनामसिंह धालीवाल, नरेंद्र श्रीवंश, किशनलाल बोखरे आदि भी उपस्थित थे।

## दो किलो गांजे के साथ दो गिरफ्तार

इंदौर। समीपस्थ पीथमपुर के पुलिस थाना सागौर ने अवैध गांजे के खिलाफ कार्रवाई की है। मुखबिर से सूचना मिलने पर स्कूटी क्र. (एमपी 13 एफएन 1961) को रोक चेकिंग की। चेकिंग के दौरान गाड़ी में रखा 2 किलो गांजा जब्त किया। वाहन चालक ने अपना नाम कमल पिता गणेशलाल चौहान (42) निवासी गोविंद कॉलोनी इंदौर बताया। यह गांजा एबी रोड पर डिलीवरी देना थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी कमल चौहान द्वारा अमरसिंह पिता सुभान बघेल (32) निवासी ग्राम करोंदिया थाना मनावर जिला धार से गांजा खरीदना बताया। पुलिस ने आरोपी अमरसिंह को भी गिरफ्तार किया।

## मंदिर से घर जा रही महिला को लूटा

इंदौर। एरोड्रम इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश मंदिर से घर जा रही महिला के साथ लूट करके फरार हो गए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जूनी इंदौर में भी एक्टिवा सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक जयश्री बरवलिया निवासी द्वारकाधीश कॉलोनी ने बताया कि वह शनिवार दोपहर अपने घर के पास मंदिर गई। इस दौरान जब वह वापस अपने घर की तरफ पैदल आने लगी तभी बाइक से आए दो बदमाशों ने उनके साथ लूट की वारदात की। पीछे बैठे बदमाश ने गले पर झपट्?टा मारा ओर सोने की चैन छीन कर बाइक सहित फरार हो गए। जयश्री ने शोर भी मचाया। लेकिन बदमाश तेजी में बाइक चलाकर वहां से भाग गए। पुलिस के मुताबिक महिला बाद में पति के साथ थाने पहुंची ओर मामले में शिकायत दर्ज कराई है।

**एक्टिवा सवार बदमाशों ने की लूट-** इसी प्रकार जूनी इंदौर में भी एक्टिवा सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। लक्की वाधवानी ने पुलिस को शिकायत में बताया कि सांई मंदिर के सामने वीर सावरकर नगर में एक्टिवा सवार बदमाशों ने उनके गले से सोने की चैन झपट ली। उन्होंने बदमाशों का पीछा भी किया। लेकिन वह फरार हो गए।

## छेड़छाड़ में आरोपी गिरफ्तार

इंदौर। सराफा थाना पुलिस ने चूड़ी व्यवसायी को छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी चूड़ी खरीदने आई महिला से मोबाइल नंबर मांग रहा था। उसकी तरफ अश्लील इशारे भी कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, नार्थ हरसिद्धि निवासी महिला आड़ा बजार गई थी। चूड़ी खरीदने के दौरान रोहित गुप्ता ने उसके साथ हरकत की। पुलिस ने रात में प्रकरण दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

## अश्लील इशारे किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सराफा इलाके में एक युवती को आरोपी ने अश्लील इशारे किए और उससे मोबाइल नंबर मांग लिया। पुलिस के मुताबिक छेड़छाड़ की घटना 28 वर्षीय युवती के साथ आडा बाजार क्षेत्र में हुई। पीडिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी रोहित पिता राजेंद्र गुप्ता निवासी आड़ा बाजार के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीडिता ने बताया कि जब उसने विरोध किया त आरोपी ने धमकाया।

# गेम जोन से 8 लड़कियां पकड़ाईं, सरगना की तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जूनी इंदौर पुलिस ने सपना-संगीता इलाके में स्थित एक ऑनलाइन गेम जोन पर छापा मारकर 8 लड़कियों और दो युवकों को हिरासत में लिया है। उनका सरगना फरार है। ये लड़कियां सौ रुपए कमीशन के लालच में युवकों को ऑनलाइन गेम की आईडी और ओटीपी देती थीं। टीआई शैलेंद्रसिंह जादौन ने बताया कि नवरंग प्लाजा में ऑनलाइन गेम जोन की सूचना मिली थी। यहां जिस एप से जुआ खिलाया जा रहा था वह सरकारी सूची में बैन है। यहां पहले फाइनेंस का काम होता था, अब उसी की आड़ में गेम खिलाया जा रहा था। गिरफ्तार अनिकेत और अंकित ने बताया कि सरगना लक्की उन्हें एप संचालन के लिए कमीशन देता था। हम युवक-युवतियों को आईडी और ओटीपी देकर एप उनके मोबाइल में लोड करवाते थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।